रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 191] नई दिल्ली, बुधवार, जून 15, 2016/ज्येष्ठ 25, 1938
No. 191] NEW DELHI, WEDNESDAY, JUNE 15, 2016/JYAISTHA 25, 1938

## सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 15 जून, 2016

**फा. सं. पी-11021/1/2015-सीएपी**.—संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दिनांक 29 जनवरी, 2014 को आयोजित अपनी 73वीं पूर्ण बैठक में शासकीय सांख्यिकी के दस संयुक्त राष्ट्र मूलभूत सिद्धांतों (संकल्प 68/261) को अंगीकार किया है।

2. भारतीय सांख्यिकीय प्रणाली, शासकीय सांख्यिकी के संग्रहण, संकलन और प्रसार की पद्धति की बुनियाद व्यावसायिक स्वतंत्रता, निष्पक्षता, जवाबदेही और पारदर्शिता के सिद्धांतों पर आधारित है, जो वृहत रूप से शासकीय सांख्यिकी पर संयुक्त राष्ट्र मूलभूत सिद्धांतों के अनुरूप है। केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों तथा राज्य सरकारों द्वारा इन मूलभूत सिद्धांतों के अंगीकरण से शासकीय सांख्यिकी में जनता का भरोसा बढ़ेगा।

3. भारत सरकार एतद्द्वारा, इस अधिसूचना के साथ अनुसूची के रूप में संलग्न शासकीय सांख्यिकी के दस मूलभूत सिद्धांतों को तत्काल प्रभाव से अंगीकार करता है।

अरूण कुमार यादव, संयुक्त सचिव

## अनुसूची

## शासकीय सांख्यिकी के सिद्धांत

**सिद्धांत 1.** शासकीय आंकड़े किसी जनतांत्रिक समाज के सूचना तंत्र में अपरिहार्य तत्व मुहैया कराते हैं, इनसे सरकार, अर्थव्यवस्था तथा जनता को आर्थिक, जनांनिकी, सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिति के बारे में आंकड़े उपलब्ध होते हैं। अन्ततः, शासकीय आंकड़े जो व्यावहारिक उपयोगिता में परीक्षण को पूरा करते हैं, संकलित किए जाने चाहिए तथा नागरिकों की सार्वजनिक सूचना को हकदारी की मान्यता देते हुए शासकीय सांख्यिकी संस्थाओं द्वारा बिना किसी पक्षपात के उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

**सिद्धांत 2**. शासकीय आंकड़ों की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए, सांख्यिकी संस्थाओं को सांख्यिकी आंकडों के संग्रहण, विधायन, भंडारण तथा प्रस्तुतीकरण हेतु पद्धतियों और प्रक्रियाओं पर वैज्ञानिक सिद्धांतों और व्यावसायिक नीतियों सहित कई व्यावसायिक नजरिए के अनुसार निर्णय लेने की आवश्यकता है ।

**सिद्धांत 3**. आंकड़ों की सही व्याख्या करने हेतु सांख्यिकी संस्थाओं को सांख्यिकी के स्रोत, पद्धतियों तथा प्रक्रियाओं पर वैज्ञानिक मानकों के अनुसार सूचना देनी चाहिए ।

**सिद्धांत 4**. सांख्यिकी संस्थाओं को सांख्यिकी की गलत व्याख्या तथा दुरूपयोग पर टिप्पणी करने का अधिकार है ।

**सिद्धांत 5**. सांख्यिकी प्रयोजनों हेतु आंकड़े सभी प्रकार के स्रोतों से आहरित किए जा सकते हैं, चाहे वे सांख्यिकी सर्वेक्षण हों अथवा प्रशासनिक रिकार्ड । सांख्यिकीय संस्थाओं को गुणवत्ता, समयपरकता, लागतों, उत्तरदाताओं पर भार के संबंध में स्रोत चुनने हैं ।

**सिद्धांत 6**. आंकड़ों के संकलनार्थ सांख्यिकी संस्थाओं द्वारा एकत्र व्यक्तिगत आंकड़े चाहे वे जनसामान्य अथवा विधिक व्यक्तियों से संबंधित हों, अत्यन्त गोपनीय होने चाहिए तथा इनका प्रयोग केवल सांख्यिकीय प्रयोजनों हेतु किया जाना चाहिए

**सिद्धांत 7**. कानून, नियमन और उपाय जिनके अंतर्गत सांख्यिकीय प्रणालियों का संचालन किया जाता है, को सार्वजनिक किया जाना चाहिए ।

**सिद्धांत 8**. देशों के भीतर सांख्यिकीय संस्थाओं में समन्वय सांख्यिकीय प्रणाली में स्थिरता तथा दक्षता लाने हेतु अनिवार्य है ।

**सिद्धांत 9**. प्रत्येक देश में सांख्यिकीय संस्थाओं द्वारा अंतर्राष्ट्रीय अवधारणाओं, वर्गीकरणों तथा पद्धतियों का प्रयोग सभी आधिकारिक स्तरों पर सांख्यिकीय प्रणालियों की स्थिरता और दक्षता को प्रोत्साहित करता है ।

**सिद्धांत 10**. आंकड़ों में द्वीपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग सभी देशों में शासकीय आंकड़ों की प्रणालियों के सुधार में योगदान देता है ।

भारत सरकार

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

सरदार पटेल भवन, संसद मार्ग,

नई दिल्ली-110001

पृष्ठांकन सं. पी-11021/1/2015-सीएपी दिनांक 15 जून, 2016

दिनांक 15 जून, 2016 के समसंख्यक अधिसूचना की एक प्रति संदर्भ तथा अभिलेख हेतु अग्रेषित है।

**प्रतिलिपि अग्रेषित**

1. राष्ट्रपति सचिवालय
2. उप-राष्ट्रपति सचिवालय
3. प्रधानमंत्री कार्यालय
4. मंत्रिमंडल सचिवालय- के पत्रा सं. 20/सीएम/2016(i) दिनांक 6 मई, 2016 (मामला सं. 129/20/2016 के संदर्भ में)
5. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग
6. नीति आयोग, नई दिल्ली
7. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, नई दिल्ली

8. लोक सभा/राज्य सभा सचिवालय

9. भारतीय रिजर्व बैंक, मुम्बई

10. सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिव/प्रशासक

11. उप महानिदेशक, राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग सचिवालय

12. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सभी संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालय

13. राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग के अध्यक्ष और सदस्य

**MINISTRY OF STATISTICS AND PROGRAMME IMPLEMENTATION**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 15th June, 2016

**F. No. P-11021/1/2015-CAP.—**The United Nations General Assembly, in its 73rd plenary meeting held on 29th January 2014, adopted (resolution 68/261) the ten United Nations Fundamental Principles of Official Statistics.

2. The Indian statistical system is founded on the principles of professional independence, impartiality, accountability and transparency about methods of collection, compilation and dissemination of official statistics, which are broadly consistent with the United Nations Fundamental Principles of Official Statistics. Adoption of these basic principles by the Central Ministries/Departments as well as State Governments will lead to enhancedpublic trust in official statistics.

3. Government of India hereby adopts,with immediate effect, the ten Fundamental Principles of Official Statistics given in theSchedule appended to this Notification.

ARUN KUMAR YADAV, Jt. Secy.

**SCHEDULE**

**Fundamental Principles of Official Statistics**

**Principle 1.** Official statistics provide an indispensable element in the information system of a democratic society, serving the Government, the economy and the public with data about the economic, demographic, social and environmental situation. To this end, official statistics that meet the test of practical utility are to be compiled and made available on an impartial basis by official statistical agencies to honor citizens' entitlement to public information.

**Principle 2.** To retain trust in official statistics, the statistical agencies need to decide according to strictly professional considerations, including scientific principles and professional ethics, on the methods and procedures for the collection, processing, storage and presentation of statistical data.

**Principle 3.** To facilitate a correct interpretation of the data, the statistical agencies are to present information according to scientific standards on the sources, methods and procedures of the statistics.

**Principle 4.** The statistical agencies are entitled to comment on erroneous interpretation and misuse of statistics.

**Principle 5.** Data for statistical purposes may be drawn from all types of sources, be they statistical surveys or administrative records. Statistical agencies are to choose the source with regard to quality, timeliness, costs and the burden on Respondents.

**Principle 6.** Individual data collected by statistical agencies for statistical compilation, whether they refer to natural or legal persons, are to be strictly confidential and used exclusively for statistical purposes.

**Principle 7.** The laws, regulations and measures under which the statistical systems operate are to be made public.

**Principle 8.** Coordination among statistical agencies within countries is essential to achieve consistency and efficiency in the statistical system.

**Principle 9.** The use by statistical agencies in each country of international concepts, classifications and methods promotes the consistency and efficiency of statistical systems at all official levels.

**Principle 10.** Bilateral and multilateral cooperation in statistics contributes to the improvement of systems of official statistics in all countries.

Government of India

Ministry of Statistics and Programme Implementation

Sardar Patel Bhawan, Parliament Street,

New Delhi-110 001.

Endt. No. P-11021/1/2015-CAP dated the 15th June, 2016.

A copy of the Notification of even no. dated 15th June, 2016 is forwarded for reference and record.

**Circulation**

1. President's Secretariat
2. Vice-President's Secretariat
3. Prime Minister's Office
4. Cabinet Secretariat with reference to their communication no. 20/CM/2016(i) dated 6th May 2016 (case no. 129/20/2016).
5. All Ministries/ Departments of the Government of India
6. NITI Aayog, New Delhi
7. Comptroller and Auditor General of India, New Delhi
8. Lok Sabha/ Rajya Sabha Secretariat
9. Reserve Bank of India, Mumbai
10. Chief Secretaries/ Administrators of all the States and Union territories
11. Dy. Director General, NSC Secretariat
12. All Attached and Subordinate Offices of the Ministry of Statistics and Programme Implementation
13. Chairman and Members of the National Statistical Commission

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.